The Minister of Labour, Employment and Rehabilitation (Shri Jagjivan Ram): (a) 30,650.

(b) 7,196 were placed in employment during the period January to June, 1966.

तिहाड़ जेल से एक कैदी का भाग निकलना

2440. **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
श्री रामेश्वरानन्द :
श्री रघुनाथ सिंह :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मई, 1966 के प्रारम्भ में तिहाड़ जेल से एक कैदी भाग निकला ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; ग्रौर

(ग) इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री तथा प्रतिरक्षा मन्त्रालय में प्रतिरक्षा सम्भरण मन्त्री (श्री हाथी) : (क) जी हां। 5 मई, 1966 को एक कैदी बच कर भाग निकला।

(ख) ग्रौर (ग). पंजाब सरकार के एक उच्च ग्रधिकारी द्वारा जांच की गई थी। वह इस निर्णय पर पहुंचे कि कैदी के उस गाड़ी में छिप कर निकल भागने की बहुत ग्रधिक सम्भावना है जो ग्रपरान्ह में दो बज कर बीस मिनट पर जेल से चली थी। उन्होंने सम्बन्धित ग्रधिकारियों में से कुछ को इस घटना के लिए उत्तरदायी ठहराया है। पंजाब में कारागारों के निरीक्षक ने जांच ग्रधिकारी के निष्कर्षों को स्वीकार कर लिया है ग्रौर इस घटना के लिये उत्तरदायी ग्रधिकारियों के विरुद्ध ग्रागे कार्यवाही की जा रही है।

दो नागा लड़कियों की गिरफ्तारी

2441. **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
श्री रामेश्वरानन्द :
श्री रघुनाथ सिंह :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दो नागा लड़कियों को राधाबाड़ी चाय सम्पदा में घूमते हुए गिरफ्तार किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो उनके पास से बरामद की गई ग्रवैध सामग्री का ब्यौरा क्या है ; ग्रौर

(ग) इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री तथा प्रतिरक्षा मन्त्रालय में प्रतिरक्षा सम्भरण मन्त्री (श्री हाथी) : (क) जी हां।

(ख) कोई ग्रवैध सामग्री बरामद नहीं हुई।

(ग) इन दोनों लड़कियों के नागा, विद्रोहियों से सम्बन्धित होने का सन्देह है। इस बारे में जांच की जा रही है।

दिल्ली में ग्रवैध शराब जब्त किया जाना

2442. **श्री रघुनाथ सिंह :**
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री रामेश्वरानन्द :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पुलिस ने दिल्ली में पहाड़गंज के निकट नबीकरीम में एक व्यक्ति के पास से ग्रवैध शराब की 260 बोतलें पकड़ी थीं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि वे बोतलें उत्तर प्रदेश से लाई गई थीं ; ग्रौर

(ग) यदि हां, तो इस मामले में क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में उपमन्त्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) और (ख). जी हां।

(ग) मामला न्यायालय में पेश कर दिया गया है और अभियुक्त श्री सुन्दरलाल पर, जो श्री श्यामलाल का पुत्र है, मुकद्दमा चल रहा है। दिल्ली उत्तर प्रदेश सीमा पर पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है।

भारत में विदेशी धर्म प्रचारक

2443. श्री रामेश्वरानन्द :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री रघुनाथ सिंह :
श्री विभूति मिश्र :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अमरीका और ब्रिटेन की वित्तीय सहायता से अनेक विदेशी धर्म प्रचारक सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले भारतीय राष्ट्रजनों को विद्रोही कार्य करने और तोड़-फोड़ करने की कार्यवाही करने तथा ईसाई धर्म को स्वीकार करने के लिये उकसा रहे हैं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि वे विदेशी धर्म प्रचारक अध-भूखे और अध-नंगे निर्धन तथा सामाजिक एवं राजनीतिक दृष्टि से पिछड़े हुए लोगों को भड़का कर देश तथा सरकार के विरुद्ध घृणा और विद्रोह की भावनायें पैदा कर रहे हैं जिसके परिणामस्वरूप देश में अव्यवस्था एवं अशान्ति फैल रही है; और

(ग) यदि हां, तो ऐसे लोगों को देश से बाहर निकालने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा सम्भरण मंत्री (श्री हाथी): (क) से (ग). सरकार को विदेशी धर्म प्रचारकों की गति विधियों का पूर्ण ज्ञान है। किन्तु उनके राष्ट्र विरोधी तथा विद्रोहात्मक कार्यों के लिए उकसाने के कोई विशेष मामले ध्यान में नहीं आये। आपत्तिजनक गतिविधियों में लगने वाले किसी विदेशी धर्म प्रचारक के खिलाफ़ कार्यवाही के लिये उचित अधिकार विदेशी अधिनियम के अन्तर्गत मौजूद हैं।

दिल्ली के सदर बाजार में एक वृद्ध व्यक्ति की मृत्यु

2444. श्री रामेश्वरानन्द :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री रघुनाथ सिंह :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मई, 1966 के प्रथम सप्ताह में दिल्ली के सदर बाजार क्षेत्र से जब पटरी पर माल बेचने वाले व्यक्तियों को हटाया जा रहा था एक वृद्ध व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी ;

(ख) क्या यह भी सच है कि इस दुर्घटना के पश्चात् जनता ने पुलिस के विरुद्ध प्रदर्शन किया था ; और

(ग) उस व्यक्ति की मृत्यु किस कारण हुई ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री तथा प्रतिरक्षा मन्त्रालय में प्रतिरक्षा सम्भरण मंत्री (श्री हाथी) : (क) और (ख). जी हां।

(ग) शव परीक्षा की रिपोर्ट के अनुसार मृत्यु का कारण अचानक हृदय-गति का बन्द होना था।